# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2 (2019-20)

## हिन्दी - ब (कोड-85)

## कक्षा- 10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 10

काशी के सेठ गंगादास भगवान शंकर के सच्चे भक्त थे। एक दिन वह गंगा में स्नान कर रहे थे कि तभी एक व्यक्ति नदी में कूदा और डुबकियाँ खाने लगा। चारों तरफ शोर मच गया लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हुई कि उसे बचाए। कुछ देर तक सेठ जी उसे डूबते देखते रहे फिर तैजी से तैरते हुए उसके पास पहुँचे और किसी तरह खींचकर उसे किनारे ले आए। सेठ जी ने उसे ध्यान से देखा तो चौंक पड़े। वह उनका मुनीम नंदलाल था। उन्होंने पूछा, आपको किसने गंगा में फेंका? नंदलाल बोला किसी ने नहीं मैं तो आत्महत्या करना चाहता था। सेठजी ने इसका कारण पूछा तो उसने कहा, मैंने आपके पाँच हजार रूपये चुराकर सट्टे में लगाए और हार गया। मैंने सोचा कि आप मुझे गबन के आरोप में गिरफ्तार करवाकर जेल भिजवा देंगे। इससे मेरी और मेरे परिवार की बड़ी बदनामी होगी। इसलिए बदनामी के डर से मैंने मर जाना ही ठीक समझा। सेठ जी ने कहा, तुम्हें तो सजा मिलनी ही चाहिए। नंदलाल ने विनती की, ऐसा मत कीजिए सेठ जी। कुछ देर तक सोचने के बाद सेठ जी ने कहा, तुम्हारा अपराध माफ किया जा सकता है लेकिन मेरी एक शर्त है। तुम प्रण करो आज के बाद कभी किसी प्रकार का जुआ नहीं खेलोगे, सट्टा नहीं लगाओगे। नंदलाल ने वचन दिया कि वह अब ऐसे काम नहीं करेगा। सेठ जी ने कहा, जाओ माफ किया। पाँच हजार रूपये मेरे नाम घरेलू खर्च में डाल देना। मुनीम भौंचक रह गया। उसने सोचा था कि अब तो उसकी नौकरी चली जाएगी। उसने पूछा, क्या चोरी करने के बाद भी आप मुझे नौकरी पर रख लेंगे? सेठ जी ने कहा तुमने चोरी तो की है लेकिन स्वभाव से तुम चोर नहीं हो। तुमने एक भूल की है, चोरी नहीं। जो आदमी अपनी एक भूल के लिए मरने तक की बात सोच ले, वह कभी चोर नहीं हो सकता। उसके बाद नंदलाल ने कभी कोई गलत काम नहीं किया।

1. सेठ गंगादास कौन थे? नदी में स्नान करते समय उन्होंने क्या देखा और क्या किया? 2
2. नंदलाल कौन था? वह आत्महत्या क्यों करना चाहता था? 2
3. हमें समाज में किस चीज का डर सबसे ज्यादा होता है? किसके डर से नंदलाल ने मरना उचित समझा? 2
4. सेठ जी ने मुनीम नंदलाल को क्यों माफ किया? उनकी नजर में कौन चोर नहीं हो सकता? 2
5. नंदलाल ने सेठ गंगादास को क्या वचन दिया? 1
6. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

2. **रेखांकित शब्द, शब्द है या पद ?बताइए।** 1

<u>सीता</u> पढ़ रही है।

3. **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।** $1 \times 3 = 3$

1. यदि तुम परिश्रम नहीं करोगे तो तुम्हें सफलता नहीं मिलेगी। (सरल वाक्य में)

2. उसको काम न आने के कारण कोई नौकरी नहीं देता। (संयुक्त वाक्य में)
3. कार्य समाप्त करके मजदूर अपने घर चले गए। (मिश्र वाक्य में)

4. **1. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए–** $1 \times 2 = 2$
आशातीत, भुखमरा
2. निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। $1 \times 2 = 2$
तुलसी द्वारा कृत, पाँच आबों का समूह

5. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** $1 \times 4 = 4$
1. उसने आने के लिए बोला था।
2. हम तो तुम्हें मना कर दिया है।
3. राजा और रानी आई हैं।
4. गीता ने गीत की चार लड़ियाँ गाईं।

6. **उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थान को पूरा कीजिए।** $1 \times 4 = 4$
1. आज की दुनिया में बहुतेरे रंगे .......... मिल जाएँगे।
2. वीर संतानों ने सिर पर .......... बाँधकर ही देश की रक्षा की।
3. इतना पढ़ा–लिखा होने पर भी रमन .......... रहा है।
4. कल्याण सिंह भाजपा में पुनः शामिल होंगे। यह फैसला बहुत दिन तक ..........।

## खण्ड–ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) 28

7. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में दीजिए।** $2 \times 3 = 6$
1. बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों?
2. महाकवि शेख अयाज की घटना के द्वारा लेखक क्या संदेश देना चाहता है?
3. गांधी जी में कौनसी क्षमता विद्यमान थी?
4. धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया?

8. **गिन्नी का सोना, पाठ के माध्यम से लेखक किस तथ्य को उजागर करता है? 80–100 शब्दों में बताइये?** 5

**अथवा**

**आज जो बात थी वह निराली थी, किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है? 80–100 शब्दों में बताइये।**

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए।** $2 \times 3 = 6$
1. विरासत में मिली चीजों की बड़ी संभाल क्यों होती है? **तोप** कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
2. बिहारी कवि ने **सभी की उपस्थिति में भी कैसे बात की जा सकती है,** इसका वर्णन किस प्रकार किया है?
3. **पर्वत प्रदेश में पावस,** के आधार पर लिखें कि प्रकृति पल–पल अपना रूप किस प्रकार बदल रही है?
4. **मनुष्यता** कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

10. **साखियों के माध्यम से स्पष्ट कीजिए की कबीरदास जी समाज को सुधारने का महान कार्य करना चाहते हैं। 80–100 शब्दों में लिखिए।** 5

**अथवा**

**कर चले हम फिदा कविता का प्रतिपाद्य (80–100 शब्दों में) अपने शब्दों में लिखिए।**

11. **1. पूरे घर में इफ्फन को अपनी दादी से ही विशेष स्नेह क्यों था? 60–70 शब्दों में लिखिए।** 3
2. पीटी मास्टर प्रीतमचंद से बच्चे नफरत करते थे जबकि शर्मा जी या मास्टर नौहरिया से खुश होकर फारसी क्यों पढ़ते थे? 60–70 शब्दों में लिखिए। 3

## खण्ड-घ (लेखन) 26

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 6

(1) शिक्षा का उद्देश्य।

* ज्ञान * सर्वांगीण विकास * देश के प्रति प्रेम * कर्तव्य बोध।

(2) वर्षा का एक दिन।

* गर्मी की तपन * बादलों का आगमन * सुहावना मौसम * आनंदित मन।

(3) नन्हें कंधों पर बढ़ता बस्ते का बोझ।

* शिक्षा का स्वरूप * गृह कार्य और कक्षा कार्य * माता पिता का योगदान * समाधान।

13. पीतमपुरा, दिल्ली डाकघर से ट्रांस कॉलोनी, कानपुर को भेजा गया मनीऑर्डर अपने गंतव्य तक नहीं पहुँचा। इसकी शिकायत करते हुए प्रेषक की ओर से डाकपाल को एक पत्र 80-100 शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

किसी प्रख्यात समाचारपत्र के संपादक के नाम एक पत्र 80-100 शब्दों में लिखकर रेल आरक्षण व्यवस्था में हुए सुधार की प्रशंसा कीजिए।

14. बाढ़ पीड़ितों को सहायता देने के लिए प्रधानाचार्य की ओर से सूचना पट पर सूचना 40-50 शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

डॉन बॉस्को स्कूल, गुवाहाटी में इको क्लब के सदस्यों की सभा के आयोजन की जानकारी के लिए क्लब के अध्यक्ष की ओर से सूचना-पत्र 40-50 शब्दों में तैयार कीजिए।

15. परीक्षा की तैयारी को लेकर विनीत और प्रीति के बीच वार्तालाप 50-60 शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

गीता और नेहा, दो सखियों में विद्यालय की ओर से दो दिन की आगरा यात्रा पर जाने के लिए की जा रही तैयारियों के बारे में बातचीत की कल्पना कीजिए व लगभग 50-60 शब्दों में वार्तालाप लिखिए।

16. लड़कियों की घटती संख्या के बारे में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक आकर्षक विज्ञापन 25-50 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

शैंपू बनाने वाली कंपनी के मालिक ने विज्ञापन बनाने को दिया है। आकर्षक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and paper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.

To Get 20 Solved Paper Free PDF by whatsapp add +91 89056 29969 in your class Group